हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 जुलाई 2024

06 अवैध सागौन चरपट व शराब की अवैध तस्करी ...



07 पूरे क्षेत्र की सड़कों पर पशुओं का जमावड़ा...





### वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया, घायल शावकों का उपचार जारी

## मिडघाट रेलवे ट्रैक पर मिला बाघ का शव, पास में ही दो शावक घायल मिले

सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के मालिनी क्षेत्र में मिला एक बाघिन का शव का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है अब बुदनी क्षेत्र के मिडघाट के पास रेलवे ट्रेक पर एक बाघ का शव एवं दो अन्य बाघ घायल मिले हैं। विभाग का मानना है कि रेल से टकराने के कारण यह हादसा हुआ है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इन दिनों वनक्षेत्र के प्राणियों की मौत चिंता का विषय बनी हुई है। आए दिन बाघ-बाघिन के अलावा अन्य प्राणी अपने प्राण त्याग रहे हैं जिससे विभाग के आला अधिकारियों द्वारा प्राणियों की सुरक्षा व्यवस्था के दावे पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। दरअसल सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के मालिनी क्षेत्र में 21 दिन पहले छोड़ी गई 2 वर्ष की बाघिन की मौत का मामला उजागर नहीं हो पाया। वहीं सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक बाघ की मौत हो गई। जबकि दो छोटे शावक घायल हो गए। इनके इलाज के लिए भोपाल से डॉक्टर्स की टीम यहां पहुंची है। जिसने शावकों को इलाज शुरू कर दिया है।

हादसा सोमवार सुबह 11 से 12 बजे के बीच बुधनी के मिडघाट रेलवे ट्रैक के खंभा नंबर 800/18 के पास हुआ। रेंजर महिपाल सिंह ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर 1 बाघ का शव मिला है। उसके साथ दो बाघ घायल थे। ये ट्रेन की चपेट में आए हैं। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया है। डीएफओ एमएस डाबर ने भी बाघ के ट्रेन से टकराने की बात कही है। दोनों शावक की उम्र एक एक साल की बताई जा रही है। एसके सिन्हा, डिप्टी डायरेक्टर वन विहार भोपाल का कहना है कि वन विहार के वाइल्ड लाइफ डॉक्टर्स और रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई हैं। फिहलाल टीम लौटकर नहीं आई हैं।

### आखिर रेलवे के पास कैसे पहुंचे बाघ

नागरिकों का कहना है कि सोमवार को सुबह बुदनी के मिसघाट पर हुआ हादसा जांच का विषय है। दरअसल रेलवे ट्रेक के पास आखिर बाघ कैसे पहंचे इसके लिए विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को विचार करना चाहिए। रेलवे ट्रेक के पास एक बाघ की मौत और दो अन्य घायल बाघ जंगल छोड़कर पहुंचे। जिसकी मॉनिटरिंग की जानी चाहिए थी। हालांकि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि घायल बाघों का इलाज चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

### मॉनिटरिंग के अभाव में में प्राणियों की मौत

पिछले दिनों सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के मालिनी क्षेत्र में बाघिन का शव मिलना मॉनिटरिंग के अभाव में माना जा रहा है। अभी तक यह तय नहीं हो पाया कि सतपुड़ा टाईगर रिजर्व क बोरी रेंज में बाघिन को कॉलर आईडी लगाकर छोड़ा गया था जो पिछले कुछ दिनों से जंगल में बने बाड़े के आसपास घूम रही थी। लेकिन कुछ दिनों से बाघिन का दिखाई न देना यह साबित करता है कि मॉनिटरिंग करने वाले वनक्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारियों की लापरवाही है। सुधि नागरिकों का कहना है कि चाहे सतपुड़ा टाईगर रिजर्व क्षेत्र हो अथवा बुधनी के घने जंगल जिनमें वन प्राणी स्वतंत्र रूप से विचरण करते हैं उनकी सुरक्षा व्यवस्था संबंधित विभागों को इमानदारी के साथ करना चाहिए ताकि वन में रहने वाले प्राणियों के जीवन को बचाया जा सके। फिलहाल वनक्षेत्र में मारे जा रहे प्राणी पशु प्राणी प्रेमियों के लिए चिंता का विषय है।

## फेस आईडी निश्चित करेगी की कर्मचारी दफ्तर में मौजूद हैं या नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासकीय कार्यालयों में अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी दफ्तर में रखी उपस्थिति पंजीयन में दस्तखत करने के बाद कार्यालयों से बाहर चाय पान की गुमठियों में पाए जाते हैं। जिससे शासकीय कार्य प्रभावित होता है। अब ऐंसे कर्मचारियों पर नियंत्रण रखने के लिए शासकीय कार्यालयों में फेस आईडी मशीन लगाने का निर्णय लिया गया है।

सोमवार को नर्मदापुरम संभाग के संभागायुक्त केजी तिवारी ने नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा जिले के कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि सभी शासकीय कार्यालयों एवं कलेक्टर कार्यालयों में अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होंने शासकीय कार्यालयों में फेस आईडी लगाने के निर्देश दिए हैं। फेस आईडी मशीन से कार्यालयीन समय पर 4 बार अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पहले कर्मचारियों की उपस्थिति प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे, 2.00 बजे एवं अंतिम उपस्थिति शाम 6 बजे सुनिश्चित किये जाएं। वहीं उन्होंने निर्देश दिए हैं कि वह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर अधिकारी स्तर तक के सभी अधीनस्थ अमले को कार्यालय में समय पर आने के लिए जागरूक करें और यदि मीटिंग की आवश्यकता है तो मीटिंग लेकर उन्हें अवेयर करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने सोमवार को संभाग के तीनों जिले के कलेक्टरों को गूगल मीट के माध्यम से यह निर्देश दिए हैं।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन के पोर्टल के द्वितीय चरण में जनपद स्तर पर प्रशिक्षण 22 से

**नर्मदापुरम**। महा रजिस्ट्रार द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन के कार्यों को सरलता एवं सुगमता से किये जाने हेतु 27 मई 2024 को मध्यप्रदेश में सामान्य नागरिक पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पुनरूत्थान को लांच किया गया है। जिला रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं जिला योजना अधिकारी नर्मदापुरम ने इस संबंध में बताया है कि द्वितीय चरण में ग्रामीण इकाई के अंतर्गत आने वाले समस्त उपरजिस्ट्रार का प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं Portal पर कार्य करने में आने वाली कठिनाईयों को समाधानकारक निराकरण जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के अधिकारियों द्वारा किया जावेगा। जिला योजना कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण जनपद पंचायत नर्मदापुरम में 23 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष में, जनपद पंचायत पिपरिया में 24 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष में, जनपद पंचायत माखननगर में 25 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष में, जनपद पंचायत बनखेड़ी में 26 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष में, जनपद पंचायत सिवनीमालवा में 31 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष में, जनपद पंचायत केसला में 1 अगस्त को जनपद पंचायत सभाकक्ष में एवं जनपद पंचायत सोहागपुर में 2 अगस्त को जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण संबंधित स्थलों पर दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## मोहर्रम पर्व 17 जुलाई को, पर्व के लिए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने आगामी 17 जुलाई को मोहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर सुश्री मीना ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मोहर्रम पर्व के लिए आवश्यक समस्त व्यवस्थाएं कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौजान सिंह रावत, सिटी मजिस्ट्रेट, समस्त एसडीएम, सीएमओ हेमेश्वरी पटले, समस्त तहसीलदार एवं समस्त एसडीओपी उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि मोहर्रम पर्व के दौरान फेक न्यूज की सतत मानीटरिंग की जाए। नगर सहित जिले के समस्त नर्मदा नदी के घाटो पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाए साथ ही साफ-सफाई, पेयजल आदि की पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। मोहर्रम पर्व के दौरान समस्त एसडीएम सहित सर्वसंबंधित विभागो के अधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में विशेष नजर रखे व मोहर्रम जुलूस शांति पूर्वक और बिना व्यवधान के निकले इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं अभी से सुनिश्चित की जाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पर्व पर होने वाले कार्यक्रम को ध्यान में रखकर सुरक्षा की दृष्टि से मोहर्रम पर्व का जुलूस निकालने वाले मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों से चर्चा कर जुलूस के रूट चार्ट की जानकारी प्राप्त करें व निर्धारित रूट पर समस्त संबंधित विभाग समन्वयक बनाकर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## जिले में 1 जून से अभी तक 211.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले दो दिनों से दिन में सूर्य देव के तीखे तेवर और चिलचिलाती धूप के बाद नर्मदांचल में शाम ढलते ही बारिश होने के कारण लोगों को दिन और रात में उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। हालाकि मौसम विभाग द्वारा नर्मदापुरम जिले में इस वर्ष भी अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

जिले में 1 जून अभी तक जिले में 211.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 250.8 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 15 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 9.5 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 11.0 मिलीमीटर, इटारसी में 7.4 मिलीमीटर, माखननगर में 7.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 12.8 मिलीमीटर, पिपरिया में 2.2 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 3.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 1.4 एवं तहसील डोलरिया में 35.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 934.00 फीट है, तवा जलाशय का 1122.40 फीट है, बरगी जलाशय का 412.50 मीटर एवं बारना जलाशय 342.83 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

### होम्योपैथी औषधि का 2 चरणों में होगा वितरण

**नर्मदापुरम**। जिला आयुष अधिकारी डा विमला गड़वाल द्वारा बताया गया कि मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम में होम्योपैथी ओषधि मलेरिया ऑफ 200 दवा का वितरण जिले के 6 गांव में किया जाएगा। इस हेतु जिले के आयुष चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है। प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी नर्मदापुरम जिले के 6 गांव चिन्हित किए गए हैं जिसमे देवरी कामटी, आमदेह बिजनवाड़ा, मुआर मटकुली, फांसीधना, मल्लूपुरा, भारगदा में वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम दो चरणों में होगा। प्रथम चरण 18 जुलाई से प्रारंभ होगा। 25 जुलाई, 1 अगस्त तक चलेगा। द्वितीय चरण 22 अगस्त, 29 अगस्त, एवं 5 सितंबर तक चलेगा। नागरिकों से अपील की गई है कि स्वास्थ्यवर्धक दवा प्राप्त कर लाभान्वित हों।

## दूषित भोजन व खाद्य पर्दार्थों के सेवन से परहेज करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वर्षा ऋतु में जल जनित एवं अन्य संक्रामक रोगों के प्रकरण एवं उसकी महामारी होने की संभावना अधिक रहती है, संक्रामक बीमारियों जैसे- आंत्रशोघ, पेचिस एवं दस्त, कॉलरा, पीलिया मस्तिक ज्वर एवं मलेरिया आदि का प्रभावी ढंग से रोकथाम एवं नियंत्रण किया जाना है। स्वच्छ जल के अभाव में जल जनित बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इस संबध में सभी जन सामान्य एवं नागरिकों से अपील की जाती है कि वर्षाकाल के दौरान स्वच्छ पेयजल का सेवन करें तथा दूषित भोजन एवं खाद्य पर्दार्थों के सेवन से परहेज करें। उक्ताशय की अपील आमजन से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम डॉ. दिनेश देहलवार ने जारी की है।

उन्होंने अपील में कहा है कि शहरी / ग्रामों में उपलब्ध सभी पेयजल स्त्रोतों की नागरिक बारिकी से अवलोकन कर ही पेयजल स्त्रोतों का उपयोग करें, स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षाकाल के दौरान होने वाली समस्त बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में निर्देश जारी किये जा चुके है तथा सभी शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक औषधि एवं अन्य सामग्री उपलब्ध है। साथ ही सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि यदि किसी क्षेत्र में वर्षाकाल के दौरान किसी भी प्रकार की बीमारी या अन्य कोई महामारी होती है तो तत्काल अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्र या आशा कार्यकर्ता, ए.एन.एम. को सूचित करें। सभी स्वास्थ्य अमला समस्या मूलक ग्रामों में विशेष निगरानी रखें।

### मामूली बात पर मारपीट की, मामला दर्ज

**नर्मदापुरम**। शहर के जुमेराती क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद के पास एक युवक को दो आरोपियों द्वारा मामूली सी बात पर मारपीट करने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार जामा मस्जिद जुमेराती के पास रहने वाले शाहनवाज ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जुमेराती में रहने वाले पड़ोसी अल्ली पिता अलीदाद खां एवं बन्ने पिता नूरदाद खां द्वारा मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

## मार्गदर्शन के विषय विशेषज्ञ हेतु आवेदन 30 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश शासन की कैरियर काउंसलिंग योजनातंर्गत जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से इच्छुक आवेदकों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देने के लिए काउंसलर्स की टीम गठित की जाना है। जिला रोजगार अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि काउंसलरर्स की टीम में एक मनोवैज्ञानिक एवं मार्गदर्शन हेतु तीन विषय विशेषज्ञ रहेंगे। जो क्रमशः प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन देगें। काउंसलर्स को नियमानुसार मानदेय दिया जायेगा। काउंसलरों के पैनल हेतु कैरियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले व्यक्ति जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम में 30 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

### चर्चा के बाद सोपास ने हड़ताल का निर्णय वापस लिया

**नर्मदापुरम**। सोपास संगठन ने निजी स्कूलों की हड़ताल वापस ले ली है। सोमवार को कलेक्टर और स्कूल शिक्षा मंत्री से हुई चर्चा के बाद संगठन ने हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया है। अतः अब निजी स्कूल खोले जा सकेंगे। कल देर रात तक निर्णय नहीं होने और पालकों के पास बंद का मैसेज जाने के कारण आज ज्यादातर निजी स्कूल बंद रहे। प्रायवेट स्कूल संचालकों के संगठन सोपास के जिलाध्यक्ष आलोक राजपूत ने बताया कि आज कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई में विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने यह आश्वासन दिया की जो उनके स्तर के विषय है, उन पर वह सौहाद्र्रपूर्ण निर्णय लेंगी। इसी क्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा है कि आप हड़ताल समाप्त कर कल चर्चा हेतु भोपाल आएं। कोर कमेटी एवं सदस्यों से चर्चा उपरांत हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है।

## अब गोविंद नगर का हाई स्कूल सैनिक स्कूल होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

1993 से संचालित सरस्वती ग्रामोदय हाई सेकेंडरी स्कूल गोविंद नगर अब सत्र 2024 -25 से सैनिक स्कूल के रूप में संचालित होगा। यह विद्यालय सैनिक स्कूल सोसायटी नई दिल्ली रक्षा मंत्रालय भारत सरकार से सदता प्राप्त रहेगा। यह जानकारी भाऊ साहब भुस्कुटे लोक न्यास के अध्यक्ष डॉ अतुल सेठा द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय में अकादमी इस पाठ्यक्रम के अलावा समिति द्वारा जारी पाठ्यक्रम भी संचालित किया जाएगा जिसमें कई प्रकार के इंडोर आउटडोर खेल के साथ-साथ सैनिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा तथा उनके व्यक्तिगत विकास के लिए भी कई प्रतिविधिया संचालित की जाती है ताकि वह एक बेहतर नागरिक बन सके सैनिक स्कूल गोविंद नगर में वर्तमान में कक्षा 5वी में पढ़ने वाले छात्रों को प्रवेश में कुल सीटों का 60% स्थान आरक्षित रहेगा जिसके कारण वह स्थानी लोगों के बच्चे ज्यादा से ज्यादा प्रवेश पा सकेंगे सैनिक स्कूल में अब सिर्फ 150 अंको में मिल जायेगा प्रवेश सैनिक स्कूल में अब सिर्फ 150 अंक प्राप्त करने पर प्रवेश मिल जायेगा। प्रत्येक वर्ष सैनिक स्कुल कक्षा 6 वी मे प्रवेश हेतु के माध्यम से इंट्रेन्स एग्जाम लेती है जिसमे 300 मे 230 अंक लेना अनिवार्य होता है। परन्तु जो बच्चे सरस्वती ग्रामोदय विद्यालय गोविन्दनगर के कक्षा 5 वी मे अध्यनरत है उनको केबल न्यूनतम 150 अंक लेने से प्रवेश मिल जाएगा। इससे पूर्व जब एग्जाम फॉर्म भरा जाता है तब प्राचार्य के द्वारा प्रमाणित किया जाता है।

### एक दिवसीय दिशा दर्शन कार्यशाला आयोजित

## विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भीड़ से अलग दिखना है तो कठिन रास्तों पर चलना पड़ेगा। उक्त विचार अनुसूचित जाति तथा जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम के संभागायुक्त जेपी यादव ने आदिवासी विद्यार्थियों के लिए संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों मे नव नियुक्त शिक्षकों की एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केसला भरगदा के ऑडिटोरियम मे रविवार को आयोजित एक दिवसीय दिशा दर्शन कार्यशाला में व्यक्त किए।



कार्यशाला में नर्मदा पुरम संभाग के पांच एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केसला, शाहपुर, भैंसदेही, चिचोली तथा रहटगांव के लगभग 150 प्राचार्य, शिक्षक और अन्य स्टाफ सम्मिलित हुआ ।

कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य जे.पी. यादव ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से आकार नर्मदापुरम संभाग में नियुक्त हुए शिक्षकों का मध्य प्रदेश की धरती पर स्वागत है। मध्य प्रदेश एक सुन्दर, दर्शनीय, शांति की भूमि और प्रगतिशील प्रदेश है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनने की शिक्षा दें। बच्चों में चाहे ज्ञान कम हो लेकिन संवेदना, सहनशीलता, भाईचारे की भावना होना जरूरी है। नैतिक गुणों से ही सर्वांगीण विकास संभव है। अध्यापन कार्य में ज्ञान के साथ-साथ ज्ञान का प्रस्तुतीकरण महत्वपूर्ण है। ज्ञान कम हो सकने के बावजूद प्रभावी और रोचक प्रस्तुतीकरण विषय वस्तु को समझने में ज्यादा सहायक और सरल होते हैं।

शिक्षकों को बच्चों के बड़े भाई-बहन की भूमिका का निर्वहन करना चाहिए, ताकि बच्चे अपनी समस्याओं को बिना संकोच के बता सकें। शिक्षकों को बच्चों के सामने आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि उनके पदचिन्हों पर चलकर बच्चे जीवन में सफल हो सकें। श्री यादव ने तनाव प्रबंधन पर भी शिक्षकों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि तनाव को कम करने के लिए जिंदगी में कुछ शौक जरूरी है।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर् संस्था नव अभ्युदय के द्वारा सेक्टर 2 के ग्राम पथरोटा के पंचायत परिसर, शासकीय माध्यमिक शाला और सड़क किनारे पौधरोपण किया गया। संस्था प्रभारी दीपक मालवीय ने बताया कि प्रधान मंत्री द्वारा चलाये जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत हमारी संस्था द्वारा जगह जगह पौधरोपण किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में ग्राम पथरोटा में मधुकामिनी, जामुन, नीबू, आम और बादाम के पौधे लगाए गए और वायु दूत एप पर डाउन लोड किये गए। इस अवसर पर सुमन सिंह, वैंकेट चिमनिया, शुभम टीकारिया, सचिव ओमकार सिंह उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पीला सोयाबीन 4000 से 4400 रुपए क्विंटल बिका



बैतूल। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले की कृषि उपज मंडी में सोयाबीन के दाम में आंशिक तेजी आई है। सोमवार को बडोरा में स्थित कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की नीलामी न्यूनतम 4000 रुपये से लेकर अधिकतम 4400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई। शनिवार को मंडी में सोयाबीन के न्यूनतम दाम 3976 रुपये प्रति क्विंटल रहे थे।

### मां ताप्ती को ओढ़ाई 108 मीटर की चुनरी



**बैतूल**। ग्राम बोरपानी से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चुनरी पदयात्रा निकाली गई। चुनरी पदयात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पूजा-पाठ कर भव्य स्वागत किया और गांव के घरों के सामने रंगोली डालकर सजाया गया। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक श्याम टेकपुरे के नेतृत्व में बैंड-बाजे के साथ नाचते-गाते चुनरी पदयात्रा निकाली गई जिसमें बालिकाओं ने सर पर कलश रखकर मां ताप्ती को108 मीटर की चुनरी की चुनरी भेंट की। इस मौके पर श्याम टेकपुरे ने कहा कि हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं है कि मां ताप्ती का उद्गम हमारे जिले से है। इसी के कारण पूरे भारत में हमारी पहचान है। ग्राम बोरपानी से प्रारंभ यह यात्रा 5 किमी पैदल चलकर ताप्ती घाट (कोलगांव) पर संपन्न हुई। पदयात्रा का समापन महाप्रसाद के साथ किया गया।

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**सीहोर**। कोतवाली थाना अंतर्गत छोटी ग्वालटोली निवासी 26 वर्षीय नवविवाहिता ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि वह कुछ दिन से गंभीर बीमारी के चलते मानसिक तनाव में थी। उसका विवाह लगभग 7 माह पूर्व भोपाल में हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार छोटी ग्वालटोली निवासी स्व. राधेश्याम यादव की 26 वर्षीय पुत्री ज्योति का विवाह दिसम्बर में भोपाल में हुआ था। बताया जाता है कि लगभग 2 माह पूर्व उसे ब्लड कैंसर हो गया था। उसके बाद से ही वह मानसिक तनाव में रहने लगी थी। कुछ दिन पूर्व ही वह अपने मायके आई थी। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह उसने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए भेजा है।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर को

**सीहोर**। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का चल रहा है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख पर बनाई जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर को होगा।

### कलेक्टोरेट सभागार में टीएल की बैठक में कलेक्टर से विधायक ने की चर्चा

# जर्जर भवनों, अतिक्रमित शासकीय भूमि परिसरों का हो व्यवसायिक उपयोग: विधायक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए जिले के जर्जर हो चुके भवनों को अनहोनी की आशंका से डिस्मेंटल किया जाना अत्यंत आवश्यक है। विधायक सोमवार को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित टीएल की बैठक में कलेक्टर से चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिले में कई शासकीय भूमि एवं भवन ऐसे है, जिन पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। इन भूमि और भवनों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। साथ ही शासकीय भवनों यथा अस्पताल, स्कूल, महाविद्यालय, पंचायत की रिक्त भूमि का व्यवसायिक उपयोग किया जाए। इन भवनों के परिसरों में दुकानें एवं व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का नियमानुसार निर्माण कराया जाए, तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही शासकीय संपत्ति का संरक्षण एवं विकास भी हो सकेगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने विधायक के प्रस्ताव पर प्राथमिकता से अमल करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि तीन दिन के भीतर ऐसे जर्जर भवनों, अतिक्रमित भूमि एवं परिसरों को चिन्हित कर प्रस्तुत करें, जिससे उनके निर्माण और अतिक्रमण की कार्रवाई की जा सके।

#### शिकायत निवारण का लक्ष्य हो 85 प्रतिशत

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण में तेजी लाए। शिकायत निवारण में 79 प्रतिशत का परिणाम संतोषजनक तो है, परंतु लक्ष्य को पूरा नहीं करता। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह की 5 तारीख तक न्यूनतम 80 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण होना चाहिए। इस लक्ष्य को आगे रखकर काम करेंगे तब ही ए श्रेणी की कैटेगिरी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विधायक की उपस्थिति से शासकीय कार्यों के निष्पादन में जहां तेजी आएगी वहीं जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के समन्वय से विकास कार्य त्वरित गति से पूरे किए जा सकेंगे।

#### एक पेड़ मां के नाम

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में 25 लाख पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें अभी तक 14 लाख पौधे का रोपण किया जा चुका है। एक अभियान चलाकर पौधा रोपण के कार्य को पूरा किया जाना है। इस हेतु कलेक्टर, डीएफओ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एक कार्य योजना बनाकर विधिवत भव्य समारोह के आयोजन के साथ पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कॉलोनी पर करें सख्ती

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में एसडीएम अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर सख्ती से अंकुश लगाए। कॉलोनी निर्माण के बाद कॉलोनाइजर बिना डेव्हलपमेंट और मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतते काम छोडकर चले जाते है। उसके पश्चात कॉलोनी के निवासी सुविधाओं के लिए परेशान होते रहते है। इसलिए जरूरी है कि कॉलोनी का निर्माण कॉलोनाइजर नियमानुसार करें।
जैन ने कहा कि पेसा कानून के तहत ग्राम सभा के गठन के लिए एसडीएम द्वारा आदेश जारी किए जाते है। कई स्थानों पर स्थानीय मजरे टोले और समाज और वर्ग विशेष के लोग अपनी ग्राम सभा बनाना चाहते है, जिसके लिए वे आवेदन करते है और उन आवेदनों को आधार पर जांच के बाद आप ग्राम सभा बनाने के लिए आदेश जारी करते है। परंतु अभी भी अलग-अलग विकासखंडों में 20 से अधिक आवेदन लंबित है। इनका शीघ्र निराकरण करें। इस अवसर पर प्रभारी एडीएम मकसूद अहमद, डीएफओ विजयानंतम टीआर, सभी विभागों के अधिकारी एवं जिले के सभी एसडीएम ऑनलाइन बैठक में उपस्थित थे।

### जिला बदर आरोपी व बदमाश

## अवैध सागौन चरपट व शराब की अवैध तस्करी करते धराए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सारणी पाथाखेड़ा पुलिस ने एक जिला बदर आरोपी एवं एक कुख्यात बदमाश अवैध सागौन चरपट व शराब की अवैध तस्करी करते फॉरचूनर वाहन सहित पकड़ा है। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना अनुसार आमला तरफ से दो व्यक्ति जिसमे एक जिला बदर आरोपी तोहित एंव कुख्यात बदमाश अज्जू रावण सफेद रंग की फोर व्हीलर वाहन से शराब एंव सागौन की चरपट लेकर धसेड रोड राखड डेम तरफ से पाथाखेड़ा की और आ रहे है।

जिसकी सूचना पर थाना सारणी एवं चौकी पाथाखेडा पुलिस व्दारा संयुक्त कार्यवाही कर धसेड रोड राखड डेम के पास एक सफेद रंग के फॉरचूनर वाहन जिसमे दो व्यक्ति बैठे मिले व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर अपना नाम अज्जू उर्फ शेख आजम पिता शेख बाबू उम्र 32 वर्ष निवागी आर्य वार्ड कंपनी गार्डन बैतूल एंव तोहित पिता सलीम असांरी उम्र 22 साल निवासी शॉपिंग सेंटर के पास सारणी का होना बताया। वाहन चौक करने पर कुल 72 लीटर शराब कीमती 28500- एंव 5 सागौन चरपट ,कीमती 5000 रूपये एव घटना में प्रयुक्त फॉरचूनर वाहन कुल कीमती 25,33,500 जप्त कर, आरोपीयो अज्जू उर्फ शेख आजम निवागी बैतूल, तोहित पिता सलीम असांरी निवासी सारणी व जिला बदर आरोपी तोहित पिता सलीम असांरी निवासी शॉपिंग सेंटर के पास सारणी व्दारा जिला बदर आदेश का उलंघन पाये दोनो आरोपीयो को गिरफ्तार कर न्यायालय बैतूल पेश किया जा रहा है। आरोपी तोहिद अंसारी निवासी सारणी के विरुद्ध थाना सारणी में 18 अपराधिक प्रकरण दर्ज है एवं 12 प्रतिबंधात्मक कार्रवाईयां दर्ज हैं। तथा आरोपी अज्जू उर्फ शेख आजम के विरुद्ध थाना कोतवाली बैतूल में 29 आपराधिक प्रकरण दर्ज है एवं 12 प्रतिबंधात्मक कार्रवाईयां दर्ज है। सारणी एंव चौकी पाथाखेड़ा पुलिस व्दारा संयुक्त कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

### पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में उठाई मांग

## चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगवाने विधायक से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



विगत दिनों गंज व्यापारी के घर के नीचे गोदाम में चोरी की वारदात को लेकर शहर के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगवाने कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) बैतूल के पदाधिकारी एवं गंज क्षेत्र के व्यापारी बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल से सोमवार सुबह उनके निवास पर मिले और शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगवाने और विगत 15 दिनों के भीतर घटित चोरी का शीघ्र खुलासा करवाने की मांग करते हुए अन्य कई समस्याओं से अवगत कराया।

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) बैतूल के प्रचार सचिव राजेश मदान ने बताया कि शहर में विगत दो सप्ताह के भीतर चोरी की कई वारदातें हो चुकी है जिनका अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। शनिवार की ही रात्रि को हथियारबंद 8 नकाबपोश डकैतों द्वारा व्यापारी फारूख मेमन के निवास पर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया। जिससे व्यापारियों में आक्रोश पनप रहा है। लगातार हो रही घटनाओं से व्यापारियों द्वारा बैतूल के सक्रिय विधायक हेमंत खंडेलवाल को अवगत करवाया और अपनी मांगे रखी गई। साथ ही विधायक श्री खंडेलवाल के माध्यम से इन घटनाओं को पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया के संज्ञान में भी लाया गया जिस पर उन्होंने चोरी की घटनाओं का अतिशीघ्र खुलासा कर कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया। कैट के सचिव दीपक खुराना ने गंज क्षेत्र में पुनः पुलिस चौकी शुरू करने की मांग की।

### पठन पाठन में रही हैं अव्वल

## बैतूल की श्रिया राठौर का एम्स में रिसर्च के लिए हुआ चयन



**बैतूल/शाहपुर**। ब्लाक ग्राम पाढर के व्यवसायी गेलेंद्र राठौर, जया राठौर की पुत्री पूर्व बैतूल विधायक शिवप्रसाद राठौर लिखीराम राठौर की पोती कृषक संतोष राठौर जितेंद्र राठौर की भतीजी अंकित राठौर की बहन श्रिया राठौर का चयन राष्ट्रीय महत्व के संस्थान आल इंडिया इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंस भोपाल में डिपार्टमेंट ऑफ बायोकेमेस्ट्री रिसर्च एवं पीएचडी हेतु हुआ है।

उन्होंने विगत दिनों लिखित सहित साक्षात्कार परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इसमें इनकी रेंक 2 आई है। प्रारंभ से ही श्रिया प्रतिभावान छात्रा रही है। उन्होंने कक्षा दसवीं (आरडीपीएस )से 95: से बारहवीं झुंझुनू एकेडमी राजस्थान से 94: से बीएसएसी ऑनर्स देश के प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय से 9.7 सीजीपीए से उसके बाद गेट बी एग्जाम में आल इंडिया में रेंक 58 वी प्राप्त की। जिससे उनका दाखिला सावित्री बाई फुले ( एस पी पी यू ) पुणे यूनिवर्सिटी में एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में हुआ उन्होंने एमएससी 10 सीजीपीए से उत्तीर्ण की पढ़ाई के साथ ही कैंसर पर रिसर्च प्रोजेक्ट किया। उनका रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय साइंस जर्नल पत्रिका नेचर में प्रकाशित हुआ भी एम्स में कैंसर रिसर्च करेंगी। उन्हें केंद्र सरकार द्वारा छात्रवृति प्राप्त होगी। श्रिया राठौर ने कहा की वे अच्छे संस्थान में रिसर्च कर वैज्ञानिक बन कर देश सेवा करना चाहती है।

### आबकारी टीम ने दी दबिश

## 21 हजार रुपए की 54 लीटर अवैध शराब के साथ मोटरसाइकिल जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आबकारी विभाग की एक बड़ी कार्रवाई में अवैध मदिरा के धंधे का पर्दाफाश किया गया है। कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशुमन सिंह चढार के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत, 13 जुलाई को ग्राम दनोरा में टाटा शोरूम (सर्विसिंग सेंटर) और विलेज वाटिका रेस्टोरेंट के पास से 6 पेटी देशी मदिरा प्लेन के साथ आरोपी विवेक पिता रामनाथ बिहारे (23) निवासी भीमपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी यह मदिरा मोटरसाइकिल से परिवहन कर रहा था। जब्त मदिरा की कुल मात्रा 54 लीटर है और इसकी अनुमानित कीमत 21 हजार रुपये है। इस कार्रवाई से जिले में अवैध मदिरा के कारोबार पर बड़ा प्रहार हुआ है।

#### आरोपी पर केस दर्ज

आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक गौरव पाण्डेय, वृत प्रभारी बैतूल की अगुवाई में की गई। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशुमन सिंह चढार ने बताया आरोपी के बयान के आधार पर अवैध मदिरा विक्रय कार्य में संलिप्त राहुल रायपुरे निवासी भीमपुर की तलाश जारी है। आबकारी विभाग अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान को और तेज करेगा ताकि जिले को अवैध मदिरा के कारोबार से मुक्त किया जा सके।

## बोवनी के बाद आई किट: किसान बोले कृषि विस्तार अधिकारी फसल प्रदर्शन किट लेने बना रहे दबाव!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




ब्लॉक में आने वाले कृषि विस्तार अधिकारियों ने शिकायत की है। जिनका कहना है कि उपसंचालक कृषि फसल प्रदर्शन किट किसानों को बेचने के लिए जबरन दबाव बना रहे हैं। सभी कृषि विस्तार अधिकारियों को किट बेचने के टारगेट दिए गए हैं। जबकि क्षेत्र में खरीफ फसलों की बोवनी किसान कर चुके हैं। अब ऐसी स्थिति में किसान सोयाबीन का बीज लेने को तैयार नहीं हैं। किसानों से जुड़े इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की है।

गौरतलब है कि खरीफ फसलों की बोवनी के बाद किसान कीटनाशक दवा छिड़काव कार्य में लगे हैं। खेतों में सोयाबीन की फसलों में कीट व्याधी और पत्ते पीली पड़ने की शिकायत भी मिल रही है। क्षेत्र में बारिश थमी हुई है ऐसे में किसान परेशान हैं, जबकि जिम्मेदार कृषि विभाग में तो अफसर आपस में ही उलझे पड़े हैं। कृषि विस्तार अधिकारियों ने उपसंचालक कृषि कल्याण केके पांडेय के खिलाफ आरोप लगाए हैं। जिनका कहना है कि एक एबीडीसी कंपनी की फसल प्रदर्शन किट बेचने के लिए उन पर डीडीए पांडे दबाव बना रहे हैं। उल्लेखनीय खेतों में खरीफ फसलों की बोवनी को करीब एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन कृषि विभाग में सब्सिडी वाला सोयाबीन बीज और फसलों की पोषण तत्व संबंधी किट आई है। लेकिन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी किसानों को बीज के साथ फसल सुरक्षा किट देने के निर्देश मिलने के बाद असमंजस की स्थिति में हैं क्षेत्र में बोवनी हो चुकी है। जबकि किसानों को कहना है कि यह किट और बीज एक माह पहले मिलते तो हमें मंहगी कीमत नहीं चुकानी पड़ती।

#### झूठी शिकायत करवा रहे हैं

इस संबंध में डीडीए सीहोर केके पांडे का कहना है कि किट बेचने का कोई दबाव नहीं बनाया। ग्रामीण कृषि अधिकारी खुद खेतों में नहीं जाते यह लोग कीटनाशक दवाओं का सैंपल नहीं ले रहे हैं।

### छात्रवृत्ति के लिए 31 जुलाई तक होंगें आवेदन

**सीहोर**। सामान्य, अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में स्नातकोत्तर एवं पीचएडी उपाधि के लिए छात्रवृत्ति योजना सत्र 2024-25 (सत्र जुलाई से दिसम्बर 2024) के अन्तर्गत आवेदन आंमत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थी आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई को सायं 6 बजे तक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, तृतीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल में स्वयं अथवा वाहक अथवा डाक द्वारा द्वारा अपना आवेदन कर सकेंगे।

## 31 जुलाई को होगा अंतरराष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन



**सीहोर**। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दंगल का आयोजन किया जा रहा। दंगल 31 जुलाई को होगा। दंगल में भारत के कौने-कौने से अंतरराष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के आयोजक प्रिंस राठौर छोटे ने बताया कि कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हैदराबाद, बनारस, महाराष्ट्र, बेतुल, भोपाल के रुस्तम पहलवान अपना दम दिखायेगें। जिसमें सीहोर के भी युवा चैंपियन पहलवान विशेष रूप से भाग लेंगे। शहर के युवा पहलवानों में दंगल को लेकर काफी उत्साह है। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर का नाम पहलवानी में कायम बना रहे और युवा पहलवानों का उत्साह बढ़ाना है। कार्यक्रम आयोजक नीलेश राठौर, छोटा प्रिंस राठौर, सत्यम राठौर, दीपांशु राठौर, हर्ष मेवाड़ा, सुरेंद्र सोनी, आकाश रजक सहित हिंदरक्षक युवा समिति के सदस्य जोरों से तैयारी में लगे हुए हैं। सीहोर के सारे अखाड़े के पहलवान खलीफा उस्ताद भी इस कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ, 7.50 करोड़ से बनेंगे हॉस्टल, स्मार्ट क्लास और लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत आने वाले चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल शामिल हुए। जानकारी के अनुसार प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है।

इसी तारतम्य में सीहोर के चन्द्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में भी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। बताया गया है कि शासन से महाविद्यालय को 7.50 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की गई है। जिससे महाविद्यालय में छात्रों के लिए हॉस्टल, नवीन स्मार्ट क्लास, लाईब्रेरी उन्नयन एवं नई शिक्षा नीति के अनुरूप उत्कृष्ट शिक्षा प्रदाय के लिए अन्य सुविधाएं प्रारंभ करना प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के अन्तर्गत महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी काउन्टर, विद्या वन की स्थापना भी की जा रही है जिनका औपचारिक प्रारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में क्षेत्रों में जारी है पौधरोपण

## घोडाडोंगरी विधायक ने पूजाकर किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राम पहावाड़ी के पूर्व प्राचीन शिव मंदिर में घोड़ाडोंगरी क्रमाक 132 विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व भाजपा मंडल के अध्यक्ष सतीश मिश्रा द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना कर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत पहावड़ी के सरपंच जीवनलाल मवासे, उपसरपंच मनोज मालवीय, कृष्ण कुमार मिश्रा, पवन मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में पौधरोपण

*पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रविवार को खनिज विभाग ने सोनाघाटी स्थित होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों एवं खाटू श्याम सेवा समिति टिकारी के सदस्यों ने होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में आम, आंवला, जामुन, कटहल, इमली के 30 पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। साथ ही पौधों का रोपण कर प्रत्येक प्रतिभागी ने फोटोग्राफ वायुदूत (अंकुर) मोबाइल एप पर अपलोड किए। अभियान के अंतर्गत समस्त खनिज पट्टाधारी एवं रेत खदान ठेकेदार के द्वारा भी पौधरोपण किया जा रहा है।*

#### त्रिवेणी गोशाला में 50 नीम के पौधे रोपे



*त्रिवेणी गोशाला झगड़िया में रविवार पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 50 नीम के पोधे रोपित किए गये। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक शिवम ग्वाल, ग्राम विकास के जाधव, नित्या सेवा समिति के बलराम जसूजा, दीपक पाल, हरीश गढेकर, शंकर सिंह रघुवंशी गोशाला के दीपक कपूर, मनीष ठाकुर, पंजाबराव मगरदे, रामराव वराठे, अनिल पवार, तनुज शाह आदि उपस्थित थे। पर्यावरण संरक्षण के लिए नित्या सेवा समिति के बलराम जसूजा ने बताया कि समिति द्वारा बैतूल में अनेक स्थानों पर पौधरोपण किया गया है, एवं भविष्य में भी पौधरोपण एवं पूर्व में लगाये पौधों की देखभाल का कार्य निरंतर किया जायेगा।*

## जिम्मेदारों की अनदेखी, गोवंश सड़क पर आवारा घूम रहे

# पूरे क्षेत्र की सड़कों पर पशुओं का जमावड़ा बढ़ा, हादसों का खतरा

**गौ जिसे माता का दर्जा दिया गया हैं, उसे पूजा भी जाता है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण उन्हें सड़क पर आश्रय लेना पड़ रहा है, लेकिन अब जल्द ही नपा गौशाला के लिए प्रयासरत है। ग्राम साकेत की गौशाला को देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी नगर में जहां-तहां सड़क पर गोवंश का डेरा दिखाई पड़ता हैं। सड़क पर डेरा होने से यातायात प्रभवित होने के साथ दुर्घटनाओं की नौबत भी अक्सर बनती हैं। कई बार तो सड़क पर बैठे मवेशी ही दुघर्टनओं का शिकार हो जाते है। गो को माता का दर्जा दिया गया हैं। उसे पूजा भी जाता है, लेकिन जिम्मेदारों की अनखेदी के चलते उन्हें सड़क पर आश्रय लेना पड़ रहा है नगर में ऐसे गौवंश के लिए न तो गोशाला है और न ही कांजी हाऊस की व्यवस्था हैं। गोवंश के सड़क पर होने का खामियाजा नगरवासियों को अव्यवस्थित यातातार के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

### अभी कोई इंतजाम नहीं

रोज शिकायतों और हादसों का कारण बनने वाले मवेशियों को सुरक्षित करने और नगर को आवारा मवेशियों से मुक्त कराने की तैयारी नहीं होने से पूरे क्षेत्र की सड़कों पर इन पशुओं की चहलकदमी बढ़ गई हैं। पूरा नगरीय क्षेत्र आवारा मवेशियों की भरमार से परेशान है। शहर में हजारों मवेशी सड़कों पर हैं। जो रोज हादसों का कारण बन रहे है। शहरी क्षेत्र के मार्गों पर सफर करना परेशानी का सबब बना हुआ है। सुबह से लेकर रात तक आवारा मवेशी सड़कों पर डटे रहते हैं। हालात यह है कि हाइवे की सड़क पर वाहन चालकों सहित पशु भी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं जिसमें से कई पशुओं की मौत भी हो रही है। इसके बावजूद भी नगर पालिका के जिम्मेदारों ने अभी तक कोई प्रयास नहीं किए है। जबकि शहरी क्षेत्र में एक गोशाला है जो वर्तमान में मवेशियों से भरी पड़ी है।

### ग्राम साकेत की गोशाला देखने जा रहे

अगर सबकुछ ठीक रहा तो नगर पालिका इटारसी भी सिवनी मालवा नगर पालिका की तर्ज पर जनपत पंचायत से सामंजस्य बिठाकर ग्राम साकेत में गोशाला संचालित कर सकती है ताकि सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को वहां शिफ्ट किया जा सके। हालांकि इटारसी गो सेवक लखन कश्यप का कहना है कि गोवंश के घायल होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर इलाज करते है, कई सालों से गोशाला खोलने की मांग कर रहे है लेकिन अभी तक इस ओर न सरकार न ही प्रशासन ने ध्यान दिया है। हमें हमेशा ही आश्वासन मिलता है। शहर में श्रीजी कृपा गोशाला द्वारकाधीश मंदिर में संचालित है वहां के अध्यक्ष रमेश चाडंक का कहना है कि बारिश के दौरान गोशाला में 60-7 गोवंश की रखे जा सकते हैं। गोशाला का संचालन व्यापारियों के माध्यम से होता है हम गौवंशों को बेहतर अनाज, चारा और बेहतर सुरक्षा में रखते है अब एक शेड और बनाया जा रहा है जिसमें करीब 150 गोवंशों को रखने की व्यवस्था हो जाएगी।

**इनका कहना है**

सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए पत्र प्राप्त हुआ हैं हम जल्द ही ग्राम साकेत में गोशाला देखने जाएंगे।

ऋतु मेहरा सीएमओ नगर पालिका

हम टीम के साथ ग्राम साकेत जाने वाले है वहां जाकर गोशाला संचालित करने की व्यवस्थाओं को देखेंगे।

पंकज चौरे नपाध्यक्ष

# हरदा में शासकीय सेवा में रहते शिक्षक राजन सिंह रघुवंशी हुआ था सस्पेंड

## निलंबन की जानकारी छिपाकर प्रतिनियुक्ति पर आया शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

यहां जनपद शिक्षा केन्द्र बीआरसी कार्यालय में पदस्थ बीएसी राजन सिंह रघुवंशी की करतूत उजागर हुई है, नर्मदापुरम जिले में वर्ष 2020 में बीएसी पद पर प्रतिनियुक्ति प्राप्त करने जिला समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र को प्रस्तुत किये गए आवेदन में निलबंन की जानकारी छुपा कर उक्त शासकीय कर्मचारी द्वारा चयन समिति को गुमराह कर प्रतिनियुक्ति प्राप्त कर ली।

उधर विभागीय अधिकारियों को संदेह होंने पर कुछ समय तक सेवा पुस्तिका भी छुपाई गई, जानकारी लगने पर जब सेवा पुस्तिका की जानकारी ली गई तब उसमें हरदा में रहते हुए निलंबन पत्र प्राप्त हुआ। वही जब जिला समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कार्यालय से मामले को लेकर खोज की गई तब किसी विभागीय कार्यवाई या न्यायलीन कार्यवाई से सम्बंधित जानकारी के कालम में कोई विभागीय कार्यवाई नही होना लिखा गया है, इतना ही नही दिनांक 02 सितंबर 2019 को जनपद शिक्षा केन्द्र हरदा द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र भी संलग्न किया गया है जिसमें राजन सिंह रघुवंशी के विरुद्ध कोई विभागीय कार्यवाई अथवा आर्थिक वसूली ओर न्यायालयीन कार्यवाई नही होने का उल्लेख किया गया है ,

उक्त प्रमाण पत्र की सत्यता की जांच भी कराई जा रही है। बता दे कि राजन सिंह रघुवंशी द्वारा एक संगठन की राजनीति में रहकर विभागीय अधिकारियों पर दबाव बनाने की शिकायतें भी सामने आती रही है।

### हरदा में सस्पेंड हुआ था शिक्षक

बता दे कि वर्तमान में सोहागपुर जनपद शिक्षा केन्द्र में बीएसी पद पर निलंबन की जानकारी छुपा कर आया शिक्षक राजन सिंह रघुवंशी 13 फरवरी 2015 को शासकीय माध्यमिक शाला गाड़ा मोड़खुर्द में में पदस्थ रहते सस्पेंड हुआ था, जिस पर एसडीएम टिमरनी के प्रतिवेदन पर जिला पंचायत सीईओ हरदा द्वारा सस्पेंड किया गया था।

उक्त शिक्षक राजन सिंह रघुवंशी के विरुद्ध सोडलपुर के जनशिक्षक मनीष सोनकिया के साथ अभद्र व्यवहार किये जाने सहित शासकीय कार्य मे व्यवधान किये जाने की शिकायत पाई गई थी। जिसके चलते सीईओ जिला पंचायत हरदा द्वारा मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 3 एवं 22 ए के प्रतिकूल होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था। जिसकी जानकारी राजन सिंह रघुवंशी द्वारा छुपाई गई और चयन समिति को गुमराह किया गया। मामला सामने आने पर जिला कलेक्टर सहित राज्य शिक्षा केंद्र के समक्ष सभी दस्तावेज प्रस्तुत किये गए है।

## सामूहिक विवाह योजना में 78 जोड़ों ने लिया जीवन भर साथ निभाने का संकल्प



**पिपरिया।** मुख्यमंत्री कन्यादान निकाह योजना का प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत कृषि उपज मंडी परिसर में जनपद पंचायत कार्यालय के द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत 78 बार वधू पवित्र बंधन में बांधे जिसमें विधायक ठाकुर दास नागवंशी सांसद दर्शन चौधरी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे राजीव जायसवाल नरसिंह रावतनीतीराज सिंह पटेल उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल अरविंद राय एवं तमाम पार्षदों के साथ भाजपा युवा नेता सतपाल पलिया के समर्थन में तमाम जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया गया विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तमाम जलप्रीनिधि जनता जनार्दन और दूर-दूर से जिलों के लगभग 78 लोगों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमन खातरकर लेखपा आर एल सिंह मधु तिवारी शैलेश भदौरिया द्वारका प्रसाद के द्वारा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# जमानी गांव में सनाढ्य ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक के बाद किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सनाढ्य ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक का आयोजन सभा के उपाध्यक्ष डॉ सुभाष दुबे की जमानी ग्राम में स्थित शाला में हुआ। इस अवसर पर महिला सभा के पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। अध्यक्षता सभा के 96 वर्षीय सदस्य पं नन्हेंलाल दुबे ने की। बैठक इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रेरक गीत के साथ आरंभ हुई।

माह में जन्म दिवस वाले सदस्यों मोहन राजोरिया, कृष्ण कुमार शर्मा, रविंद्र शर्मा, शैलेंद्र सराय, अनूप ढिमोले, पवन दुबे को जन्म दिवस की बधाई दी गई। वयोवृद्ध सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत पं नन्हेलाल दुबे को मंचासीन अतिथियों जेपी शर्मा, अशोक ढिमोले, मुकेश पाराशर, जयंत शर्मा एवं महिला सभा अध्यक्ष संगीता शर्मा ने पुष्प हार पहना कर एवं



अंगवस्त्र वा नारियल भेंट कर सम्मानित किया। सभा के द्वारा सम्मानित होने पर दुबे ने अपने दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन होने के टिप्स देते हुए उन पर अमल करने की सीख दी। अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने माह जून की बैठक की फीड बैक रिपोर्ट पढक़र सुनाई। बैठक में कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं बोर्ड की परीक्षा 60 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं की जानकारी एकत्र कर सूची बनाने की जवाब देही संगीता शर्मा को दी गई।

बैठक के अंत में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंर्तगत शाला परिसर में आम, जामुन बिही के फलदार वृक्षों के पौधों का रोपण महिला एवं पुरुष सभा के सदस्यों ने किया। बैठक का संचालन सचिव घनश्याम शर्मा ने किया एवं आभार डॉ सुभाष दुबे ने माना।

बैठक में शिवनारायण बुधौलिया, चंद्रकांत शर्मा, महेंद्र पचौरी, रमाकांत भारद्वाज, राजेश तिवारी, प्रशांत चौबे, पवन दुबे, कमलेश शर्मा, जुगल किशोर शर्मा, दिनेश उपाध्याय, मुकेश मिश्रा, संगीता शर्मा, नेहा बुधौलिया, रश्मि मिश्रा, राजी तिवारी, संगीता दुबे, आशा दुबे, किरण भारद्वाज, अस्मिता मिश्रा, प्रिया भारद्वाज, डॉ वसुंधरा दुबे, संतोष शर्मा, महादेव प्रसाद शर्मा, ब्रजकिशोर शर्मा, अनूप ढिमोले, अनुरुद्ध चंसोरिया, सुनील उपाध्याय आदि की विशेष उपस्थिति रही।

# तिलक सिंदूर में प्रसाद की दुकानें लगाने वालों को सता रही है चिंता

## अतिक्रमणकारी बताकर हटाया था, अब तक न अधिकारी आए, न ही इनके लिए विभाग ने कोई बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तिलक सिंदूर में प्रसाद आदि के दुकानदार वन विभाग के आधिकारियों का इंतजार कर रहे हैं। डीएफओ ने उनको आश्वस्त किया था कि एक दिन विभाग के अधिकारी तिलकसिंदूर आएंगे और उनकी दुकान की समस्या का उचित निराकरण करेंगे। सावन मास नजदीक होने के कारण इन दुकानदारों को अब चिंता सताने लगी है। अस्थायी तौर पर वे वहां बैठे हैं, लेकिन बारिश के दौरान परेशानी हो रही है। अस्थायी छत या कोई ऐसा स्थान मिल जाए जहां वे प्रसाद आदि बेचकर अपने परिवार की गुजर-बसर कर सकें, इस उम्मीद में वन अधिकारियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इन दुकानदारों को वन विभाग के अधिकारियों और



कलेक्टर से मिले एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत गया है, लेकिन अब तक विभाग ने इनको दिये आश्वासन पर कोई सुध नहीं ली। स्थानीय अधिकारियों को भी ऐसा कोई पत्र या चर्चा नहीं की। मुलाकात के दौरान इनको आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार से बैठक नहीं हुई है। दुकानदारों का वन विभाग अधिकारियों से निवेदन है कि जल्द ही बैठक रखकर उनकी समस्या का निराकरण करें।

तिलक सिंदूर मंदिर में पूजा-अर्चना करने आने वाले भक्तों के लिए पूजन सामग्री की दुकान लगाने वालों को वन विभाग ने अतिक्रमणकारी बताकर हटा दिया है। उनके अस्थायी डेरों को तोड़ दिया जिससे ये गरीब दुकानदार अपना धंधा नहीं कर पा रहे हैं। कुछ दिनों बाद श्रावण मास लगने वाला है, जब इनका कामकाज ठीक चलता है, ऐसे में अपनी चिंता से आला वन अधिकारियों को अवगत कराने इन दुकानदारों ने डीएफओ से मुलाकात की थी। इन लोगों ने कलेक्टर को भी अपनी पीड़ा सुनाई। दोनों अधिकारियों से उनको सकारात्मक सहयोग का आश्वासन मिला था। लेकिन, अब तक न बैठक हुई और ना ही कोई अधिकारी यहां देखने आए, जिससे इनकी चिंता बढ़ती जा रही है। उल्लेखनीय है कि तिलक सिंदूर का मंदिर जंगल में बना है और यहां लगभग हर रोज भक्त पहुंचते हैं। रविवार, सोमवार और शिव के त्योहार महाशिवरात्रि, श्रावण मास में यहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। उन भक्तों को पूजन-सामग्री उपलब्ध कराने अस्थायी तौर पर लकड़ी, तिरपाल आदि से कुछ गरीबों ने दुकानें लगा ली थीं, जिन्हें वन विभाग ने अतिक्रमणकारी बताकर हटा दिया है। अब इनके सामने परिवार चलाने का संकट आ गया है। ये सभी दुकानदार पिछले माह डीएफओ मयंक सिंह गुर्जर से मिलने पहुंचे थे जहां उन्होंने अपनी बात रखी। डीएफओ ने आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के अंदर एक बैठक तिलक सिंदूर में की जाएगी, किसी भी दुकानदारों को वहां से भगाया नहीं जायेगा। लेकिन आज तक कोई बैठक नहीं हुई।

इस संबंध में प्रभारी रेंजर महेन्द्र कुमार गौर का कहना है कि हमारे पास अभी तक ऐसा कोई पत्र भी नहीं आया है और ना ही ऐसी कोई चर्चा हुई है। हमें नहीं पता कि उनको क्या आश्वासन मिला है।

# रोड निर्माण की मांग पर मंत्री गडकरी ने लिखा संबंधित अधिकारियों को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद दर्शन सिंह चौधरी की मांग पर केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। संसदीय क्षेत्र में विकास निर्माण कार्यों को लेकर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने संसदीय सत्र के बीच 13 मंत्रियों से मुलाकात कर अपने संसदीय क्षेत्र की बुनियादी मांगों को रखा था। सांसद दर्शन सिंह ने बताया कि उन्हें केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री का पत्र प्राप्त हुआ है।

उन्होंने मंत्री से दो फोरलेन, एक सडक़ निर्माण बनखेड़ी-झिरपा मार्ग और सोहागपुर में तार बाहर अंडर ब्रिज निर्माण की मांग रखी थी। मंत्री ने मांग पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित कर सांसद को पत्र लिख अवगत कराया है।

सांसद दर्शन सिंह ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नर्मदापुरम से हरदा फोर लेन सडक़ निर्माण, नर्मदापुरम से करेली फोर लेन सडक़ निर्माण और पिपरिया विधानसभा के बनखेड़ी से झिरपा तक सडक़ निर्माण और सोहागपुर तार बाहर अंडर ब्रिज निर्माण की मांग की थी। उन्होंने बताया कि मंत्री ने मांगों को मानते हुए पत्र लिख अवगत कराया है।

## शिक्षा मंत्री के आशवासन के बाद अशासकीय स्कूलों की हड़ताल स्थगित

**सोहागपुर।** पोर्टल में विसंगतियों के कारण अशासकीय स्कूलों की अप्रत्याशित फीस वृद्धि से मची उहापोह के कारण शासन और अशासकीय स्कूलों के बीच कई भ्रांतियां फैली हुई थी जिसके कारण विशेष परिस्थितियों में सोपास संगठन के आह्वान पर सोहागपुर ब्लॉक के प्रायः प्रायः सभी अशासकीय विद्यालयों ने अपने संस्थान बंद कर सांकेतिक विरोध दर्ज किया। सोपास संगठन के प्रतिनिधि ने बताया कि विरोध का आशय ये कतई नहीं था कि हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन नहीं करेंगे या पालन करने में सक्षम नहीं है। हमारे सांकेतिक विरोध का मतलब सिर्फ इतना था कि जब से फीस ऐक्ट लागू हुआ तभी से हम उस पोर्टल की विसंगतियों को सुधारने और स्कूल संचालकों को प्रशिक्षण देने की बात कर रहे थे लेकिन हमारी बात जिन माध्यमों से हुई उनके द्वारा उच्च स्तर पर नही पहुंचाई गई जिसके कारण मजबूरन हमे अपने संस्थान बंद करने पड़े। गौरतलब हो कि जब अशासकीय विद्यालयों के बंद होने की खबर प्रसारित हुई थी जिला कलेक्टर सोनिया मीना ने सोपास संगठन से मिलकर समस्याओं के बिंदुओं को विस्तार से जाना और सोपास संगठन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वह उनके स्तर से हर संभव प्रयास करेंगी कि कोई विसंगति के कारण कार्यवाही का शिकार न हो।

## मरीजों ने कराई स्वास्थ्य की जांच

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहर के वंदे मातरम यूथ क्लब द्वारा विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों का निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। शिविर के माध्यम से सोमवार को मरीजों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया।

वंदे मातरम यूथ क्लब संस्था के प्रमुख तथा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के बीजेपी गिरी वार्ड के युवा पार्षद अभिषेक दुबे के द्वारा निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भोपाल से एक निजी मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल के द्वारा जिसमें सहयोग किया गया जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमजद अली कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सिद्धार्थ रघुवंशी हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राघवेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। बाढ़ में ही स्थित एक निजी इलाज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वंदे मातरम युद्ध क्लब के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ इसमें लगभग 300 मरीज के द्वारा अपना



स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

मुख्य रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ अभिषेक दुबे के पिता दिलीप दुबे उदय दुबे के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर दिया गया उसके बाद अभिषेक दुबे ने बताया कि आम नागरिक जिसे अच्छा इलाज नहीं मिल पाता था जो इन बड़े अस्पतालों में नहीं पहुंच पाता है जिसकी जांच भी नहीं हो पाती है इस बात को ध्यान में रखते हुए इस शहर का आयोजन किया गया जिससे आम नागरिक अपने स्वास्थ्य की जांच कर सके तथा उसे अस्पताल या बाजार से दवाइयां खरीदी जा सके इसलिए शहर का आयोजन किया जिसमें लगभग 300 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराई और लाभ लिया। वंदे मातरम यूथ क्लब के सभी युवा साथी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा के वाणिज्य विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस के अवसर पर शांति और विकास के लिए युवा कौशल विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ आरती पडियार ने बताया कि प्रतिवर्ष 15 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस आयोजित किया जाता है और यह अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस का नवा वर्ष है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित एक उत्सव है इसका उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता, रोजगार और कौशल के महत्व के विषय में जागरुक करना तथा उन्हें कौशलयुक्त बनने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ योगेश खंडेलवाल ने कहा कि नवीन शिक्षा नीति 2020 का भी यही उद्देश्य है कि विद्यार्थी किसी न किसी कौशल में निपुण हों ताकि वे स्वरोजगार स्थापित कर सकें और स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान कर सके। कार्यक्रम का संचालन विजयश्री मालवीय ने किया। कार्यक्रम में डॉ कल्पना स्थापक, प्रो. एसके अग्रवाल, डॉ एके यादव, डॉ एसके झा, डॉ मोहन सिंह गुर्जर, डॉ जया कैथवास, डॉ अनुराग पथक, विजयश्री मालवीय, कमल सिंह अहिरवार, प्रेम नारायण परते, रमाकांत सिंह, डॉ अतुल गौर, प्रशांत चौरसिया, गीता डोंगरे, कैलाश गड़वाल, डॉ प्राची सिंह तथा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सचिव कर रहे आदेशों की अवहेलना नहीं हो रहा सार्थक एप का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा सरकारी कर्मचारियों की मनमानी रोकने के लिए सार्थक एप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करने के आदेश दिए गए थे जिसमे समस्त शासकीय कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहने के आदेश दिए गए है जिसके चलते समान प्रशासन विभाग ने भी अपने समस्त कर्मियों को निर्धारित समय में प्रतिदिन उपस्थित रहने के आदेश दिए।

उसी अनुसार जिला जनपद पंचायत में समस्त हमले की कार्यालय में उपस्थित , वेतन , पौधारोपण के लिए सार्थक एप के माध्यम से जानकारी देनी थी जिससे यदि कोई कर्मचारी भ्रमण पर है तो उसे दिनांक में सार्थक एप में दूर मॉड्यूल में जाकर अपनी लोकेशन अंकित करना अनिवार्य है। जनपद एवं ग्राम पंचायत में 10 जुलाई से सार्थक अप के माध्यम से कार्यालय के कर्मचारियों की निगरानी प्रारंभ होना थी। परंतु वर्तमान में ग्राम पंचायत के सचिव और ग्रामों के कर्मचारी दिनभर सोहागपुर में घूमते नजर आ रहे हैं। अभी तक सार्थक एप्प के माध्यम से अधिकारियों द्वारा भी निगरानी नहीं की जा रही यदि निगरानी की जाती तो निश्चित ही मनमानी रूप से कार्यालय से अनुपस्थित सचिवों पर कार्यवाही होना प्रारंभ हो जाती परंतु आदेश होने के बाद भी सोहागपुर ब्लॉक के सचिव कमिश्नर चौराहा, स्टेशन के सामने, रेलवे स्टेशन मंदिर के पीछे, चाय की दुकान पर, बाजार में मोरछली के नीचे, पेट्रोल पंप चौराहा, वाटिका के आसपास देखे जा सकते हैं यही नहीं कुछ सचिवो की लोकेशन विशेष स्थानों पर मिलती है जिसकी खुशबू अधीनस्थ अधिकारियों को मिलती रहती है लेकिन बेबस अधिकारी करे तो करें क्या ?

15 जुलाई को नर्मदा पुरम में कलेक्टर कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजन सिंह रावत की अध्यक्षता में एक बैठक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें श्री रावत ने समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में निर्देश दिया है कि सभी अधिकारी कर्मचारी प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में अपनी उपस्थिति सार्थक अप के माध्यम से सुनिश्चित करें।

सीईओ रावत ने विभागों के अधिकारियों को बताया सभी अपने-अपने कार्यालय में सार्थक एप्प से अपनी उपस्थिति अवकाश वेतन आदि की जानकारी सार्थक एप में फीड कर सकते हैं। सार्थक एप्प की लिंक सभी विभागों के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेज दें यही नहीं अधिक पौधारोपण कार्यों का लक्ष्य पूरा करना लक्ष्य निर्धारित करना सहित ग्राम स्तर तक अधिक से अधिक पौधारोपण कर सार्थक एप में दर्ज करें। सीईओ के सख्त निर्देश के बाद कार्यालय से अनुपस्थित रहने वाले सचिवों की सहमत आने वाली है। जो कार्यालय कम पर ध्यान न देकर व्यक्तिगत कार्यालय में लगे रहते थे।

इस संबंध में जपं सीईओ संजय अग्रवाल का कहना है कि अभी पंचायत सचिवों के द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा रही है। पंचायत सचिवों के संगठन के द्वारा जिला पंचायत में आवेदन दिया गया है कि एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज ना करवाई जाए परंतु यह जिला पंचायत द्वारा इसे मान्य नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कीटनाशक पीकर महिला ने दी जान

**हरदा।** रहटगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोलरया में रहने वाली एक महिला ने कीटनाशक का सेवन कर खुदकुशी कर ली। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोलरया में रहने वाले बृजकिशोर गुर्जर की पत्नी सरोज बाई ने रविवार दोपहर को कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां रात करीब साढ़े आठ बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। जिसके बाद शव को मॉर्चुरी में रखा गया था। उधर मृतका के परिजनों का कहना है कि उन्हें सीने में दर्द की शिकायत होने के चलते जिला अस्पताल लाया गया था। बताया जा रहा है कि मृतका का एक बेटा है जो गांव में चक्की चलाता है। वहीं बेटी की शादी हो चुकी है। पति ड्राइविंग का काम करते है जो खेत में गए हुए थे।

### नियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर खनिज पट्टा निरस्त

**हरदा।** ग्राम अजनास रैयत निवासी लखन जाट के पक्ष में अजनास रैयत तहसील हंडिया में 2 हेक्टेयर क्षेत्र में खनिज मुरूम का उत्खनन के लिए पट्टा वर्ष 2031 तक के लिए स्वीकृत किया गया था। खनिज अधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण में मौके पर खदान में कार्य बंद पाया गया और खदान में तार फेंसिंग व खदान विवरण बोर्ड नहीं होना पाया गया। इसके साथ ही जाट द्वारा 4 लाख का अनिवार्य भाटक नहीं चुकाया गया है, जिस पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने इस खनिज मुरूम हेतु स्वीकृत पट्टे को निरस्त करने के आदेश जारी किये है और जाट को खदान के चारों ओर फेंसिंग कराकर चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिये है।

### कर्नाटक सचखंड मंगला नागपुर पैसेंजर स्टॉपेज का स्टॉपेज किया जाए

**हरदा।** विगत सालों से ट्रेनों की स्टॉपेज को लेकर मांग की जा रही है जिसमें से सिर्फ गोवा ट्रेन का ही स्टॉपेज दिया गया है। जमना जैसानी फाउंडेशन ने रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोंउपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि हरदा में कर्नाटक, सचखंड, मंगला, नागपुर पैसेंजर का स्टॉपेज किया जाए। जैसानी फाउंडेशन के सदस्य शांति कुमार जैसानी ने कहा कि स्टेशन पर महिला शौचालय की स्थाई या अस्थाई व्यवस्था की जाए और रिजर्वेशन काउंटर पर दलाल पूरी टिकिट बुक कर लेते है। जिससे आम नागरिकों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जैसानी ने कहा कि ट्रेन मै लोकल डब्बे बढ़ाए जाए क्यों कि देश मैं कम दूरी करने वाले लोगो की संख्या बहुत है और वर्तमान मैं लोकल डब्बे हटाए जा रहे है जिसके कारण लोगो को बहुत दिक्कत हो रही है। ज्ञापन देते समय गणेश जोशी, दीपांशु सोनी, ज्ञानेश तिवारी, सतीश शर्मा सहित अनेक कार्यकता मौजूद रहे।

### स्टाप डायरिया कैंपेन की समीक्षा बैठक संपन्न

**हरदा।** स्टाप डायरिया कैंपेन के तहत ग्रामों में आयोजित गतिविधियों के संबंध में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने द्वारा संबंधित विभागो महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जन अभियान परिषद की समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया कि 1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलने वाले स्टाप डायरिया कैंपेन की तिथिवार कार्ययोजना तैयार कर गतिविधियों का आयोजन करें तथा फोटोग्राफ्स सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इवने द्वारा संबंधित कैंपेन के दौरान जिले स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। ग्राम स्तर पर स्थित विभिन्न संस्थाओं जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास, ग्राम पंचायत भवन में शौचालय की उपलब्धता, उनकी क्रियाशीलता, पेयजल की उपलब्धता की स्थिति का विश्लेषण किया जाएगा। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सोख्ता गड्डे, लीचपिट, नाडेप आदि का निर्माण कर सार्वजनिक स्थलों की श्रमदान एवं ग्रामीणों के सहयोग से साफ-सफाई की जायेगी तथा स्वच्छता के महत्व को बताया जाएगा।

## नगर के खानशाह वली वार्ड की घटना, आरोपी पुलिस की हिरासत में

# बीच सड़क पर युवक की निर्मम हत्या बहन के प्रेम विवाह से थी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

शहर में दिनदहाड़े दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई। बता दें कि खंडवा के खानशाह वली वार्ड में सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। खानशाह वली में रहने वाले युवक शोएब की बीच सड़क पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाला कोई और नहीं, बल्कि शोएब का साला शाहरुख था। यह घटना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के समीप घटित हुई, जहां शोएब अपने घर से कपड़ों पर प्रेस कराने निकला था। शोएब ने लगभग दो महीने पहले शाहरुख की बहन से प्रेम विवाह किया था, जिसे शाहरुख ने कभी स्वीकार नहीं किया। उसने कई बार बहन और जीजा को जान से मारने की धमकियां दी थीं। सोमवार को शाहरुख ने अपनी धमकियों को अंजाम देते हुए शोएब पर चाकू से हमला कर दिया और मौके पर ही उसकी हत्या कर दी। घटना के समय शोएब कुछ देर तक तड़पता रहा, लेकिन किसी ने भी उसकी मदद करने की बजाय, वीडियो बनाना ज्यादा जरूरी समझा। यह घटना हमारे समाज में घटती मानवीयता और संवेदनशीलता की कमी को भी उजागर करती है। मृतक शोएब के पिता ने आरोपी शाहरुख के घर को तोड़े जाने की मांग प्रशासन से की है। और इसके बाद ही अपने बेटे की लाश उठाने की बात कही है। खंडवा नगर के वार्ड क्रमांक 36 में हुई इस निर्मम हत्या के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शाहरुख को हिरासत में ले लिया हैं। और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। खंडवा सीएसपी अरविंद सिंह तोमर ने बताया कि यह सुबह की घटना है और गुलशन नगर के रहने वाले शोएब की हत्या उसके साले शाहरुख ने की है। मृतक शोएब की बहन ने बताया कि उनके भाई ने मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी की थी, जिसे शाहरुख ने कभी भी स्वीकार नहीं किया।



विवाह के समय ही शाहरुख ने धमकी दी थी कि वह इस शादी को बर्दाश्त नहीं करेगा और दुश्मनी निकालकर शोएब को मार देगा। मृतक की पत्नी ने बताया कि उन्होंने प्रेम विवाह किया था, जिसे शाहरुख ने कभी स्वीकार नहीं किया और हमेशा धमकियाँ देता रहा। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल के बाहर मृतक के परिजनों की भीड़ इकट्ठा हो गई। शोएब की बहन ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उनके भाई को किसी ने चाकू मारा है, जिसके बाद वे तुरंत मौके पर पहुंचे। मृतक की पत्नी ने बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से शादी की थी, जिसे उनके घरवाले पसंद नहीं करते थे। उनके भाई ने धमकी दी थी और अंत में उसने अपने पति की हत्या कर दी। मृतक के पिता निसार खां ने कहा कि उनके बेटे ने उन्हें बताया था कि शाहरुख उसे धमकियां देता रहता था। अब वे चाहते हैं कि आरोपी का मकान तोड़ा जाए, तभी वे अपने बेटे की लाश उठाएंगे। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और जांच जारी है।

## क्षेत्र के पशुपालकों में दहशत

# झिरी के जंगल में अज्ञात वन्यप्राणी ने फिर किया एक गाय का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

झिरी के जंगल में एक बार फिर अज्ञात वन्यप्राणी ने एक गाय का शिकार किया है। इससे पहले भी वन्यप्राणी यहां पशुओं को नुकसान पहुंचा चुके हैं। इससे क्षेत्र के पशुपालक चिंतित हैं। वहीं वन विभाग फिलहाल किसी वन्यप्राणी के होने से इनकार किया है। रविवार को बुरहानपुर बीट के कक्ष क्रमांक 178 में ग्राम झिरी के पास जंगल में चरने के लिए गई गाय का किसी अज्ञात वन्यप्राणी ने शिकार कर लिया। गाय ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

- वन विभाग ने नहीं की वन्य प्राणी की पुष्टि

ग्राम झिरी के वन समिति अध्यक्ष कान्हा खोड़ा ने बताया गांव के ही पशु पालक हरी पिता लाखा की एक गाय जंगल में चरने गई थी। इस दौरान किसी अज्ञात वन्य प्राणी ने गाय का जंगल में शिकार किया। मृत्य गाय पशु पालक की दुधारू गाय थी। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए है। जिससे पशु पालक को नुकसान पहुंचा। पशुपालक ने मुआवजे की मांग की। समिति अध्यक्ष ने बताया शिकार करने वाला छोटा जानवर नहीं है। वन्य प्राणी के पैरों के निशान देखकर ग्रामीण तेंदुआ या बाघ होने की बात कह रहे हैं, लेकिन वन विभाग ने वन्यप्राणी होने से ही इनकार कर दिया। वहीं दो माह पहले भी किसी अज्ञात वन्य प्राणी ने एक बैल का शिकार किया था। बार बार पशुओं पर हमले के बाद ग्रामीणों ने जल्द वन्य प्राणी को पकड़ने की मांग की है।

### रेंजर बोले- वन्यप्राणी होने की पुष्टि नहीं कर सकते

इसे लेकर बुरहानपुर रेंजर लक्ष्य सोलंकी ने कहा किसी वन्य प्राणी ने गाय का शिकार किया इसकी जानकारी सामने आई। टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया। पशु पालक को मुआवजा दिलाएंगे। विभाग द्वारा लगातार पशु पालक, किसानें को सतर्क रहने के लिए अलर्ट किया जा रहा है, लेकिन किसी वन्य प्राणी की कोई पुष्टि नहीं कर सकते।

# खंडवा में एनआई वर्क के कारण छोटे-बड़े स्टेशनों पर रुकने वाली पैसेंजर स्थगित

## 22 तक स्थगित रहेगी पैसेंजर ट्रेन, पठानकोट एक्सप्रेस डायवर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

खंडवा में होने वाले एनआई वर्क के कारण रेलवे ने मुंबई दिल्ली की ओर चलने वाली 36 यात्री ट्रेनों को 18 से लेकर 21 जुलाई तक रद्द और 21 गाड़ियों को वाया भोपाल, रतलाम, वसई रोड डायवर्ट कर दिया है। वहीं भुसावल से इटारसी, कटनी चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को 14 से 22 जुलाई तक के लिए स्थगित किया है। सोमवार को यह ट्रेन भुसावल से नहीं चली। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी हुई। पैसेंजर ट्रेन नेपानगर भी रूकती है। यहां के यात्रियों को भी 22 जुलाई तक पैसेंजर ट्रेन की सुविधा नहीं मिल पाएगी। खंडवा जंक्षन पर एनआई वर्क के कारण छोटे बड़े स्टेषन पर रूकने वाली कटनी भुसावल और कटनी इटारसी पैसेंजर ट्रेन जिसे अब एक्सप्रेस कर दिया गया है। 11115 भुसावल इटारसी पैसेंजर 14 से 22 जुलाई, 11116 इटारसी भुसावल 14 से 22 जुलाई तक, 19013 भुसावल कटनी 14 से 22 जुलाई, 19014 कटनी भुसावल 15 से 23 जुलाई तक रद्द रहेगी। इससे छोटे बड़े स्टेशनों के हजारों यात्रियों को काफी परेषानी से जूझना पड़ेगा।

### रूट बदलकर चलाई जा रही पठानकोट एक्सप्रेस

बुरहानपुर, नेपानगर स्टेशन पर रूकने वाली 11057 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस अमृतसर पठानकोट एक्सप्रेस 14 जुलाई से 21 जुलाई तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से परिवर्तित मार्ग वाया वसई रोड सूरत, वडोदरा, रतलाम, भोपाल से होते हुए निकाली जा रही है। जबकि 11058 अमृतसर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस 14 जुलाई से 21 जुलाई तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से वाया भोपाल रतलाम, वडोदरा सूरत वसई रोड होते हुए जाएगी। दरअसल खंडवा में होने वाले एनआई वर्क के लिए ही रेलवे ने मुंबई दिल्ली की ओर चलने वाली ट्रेनों को 18 से लेकर 21 जुलाई तक 36 ट्रेनों को रद्द और 21 गाड़ियों को वाया भोपाल, रतलाम, वसई रोड डायवर्ट कर दिया है।

# शासकीय कार्यालयों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व बायोमेट्रिक मशीन लगवाएं : कलेक्टर आदित्य सिंह

## अनुपस्थित परियोजना अधिकारी का एक माह का वेतन काटा, डीपीसी का 15 दिन का कटेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक अजय कुम्भारे का 15 दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही की जा रही हैं। इस अवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने संबंधी प्रविष्टि डीपीसी की सेवा पुस्तिका में भी की जाएगी। गत दिनों संभाग आयुक्त की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले मनरेगा के परियोजना अधिकारी रामप्रकाश हुडे का एक माह का वेतन काटने की कार्यवाही की जा चुकी है।



सोमवार को हुई बैठक में निर्देश दिए कि वर्ष के जल के संरक्षण के लिए सभी शासकीय कार्यालयों के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं, ताकि वर्षा का जल व्यर्थ न जाए। उन्होंने कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक मशीन लगवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आते व जाते समय सभी अधिकारी कर्मचारी बायोमेट्रिक मशीन में अपनी उपस्थिति दर्ज करें। कलेक्टर ने सभी जिलाधिकारियो को निर्देश दिए की सीएम हेल्प लाइन में दर्ज शिकायतों का समय पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के आधार पर उनके गोपनीय प्रतिवेदन में अंकित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय परिसरों में पौधारोपण कर उनके फोटो वायुदूत पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा सड़क विकास निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए की वे अपने-अपने सड़क मार्गों के पुल पुलियों के दोनों और बेरीकेटिंग आवश्यक रूप से करवाए, ताकि अति वर्षा की स्थिति में दुर्घटना की आशंका न रहे। उन्होंने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री डी के सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में रुचि न लेने पर नाराजगी प्रकट की।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी मुख्यालय ना छोड़े और सभी अधिकारी बैठकों में समय पर पहुँचें। उन्होंने बताया कि बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक अजय कुम्भारे का 15 दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही की जा रही हैं।

# कीचड़ व प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत मल-कीचड़ प्रबंधन एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य नगरीय निकायो तथा जनपद पंचायतों के मध्य समन्वय से किया जाएगा, जिससे ग्रामों में जहां स्वच्छता सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा, बीमारियों में कमी आयेगी, वही दूसरी ओर इस कार्य में संलग्न स्व-सहायता समूह एवं अन्य संस्थाओं की आजीविका में भी सुधार होगा।



इस उद्देश्य से सोमवार को जिला पंचायत में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण निकायो के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बैठक कर शासन की मंशा एवं दिशा-निर्देशो से अवगत कराया तथा 3 दिवस में परस्पर समन्वय कर कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि मल कीचड़ प्रबंधन के तहत नगर पालिका परिषद व नगर परिषद हरदा, टिमरनी एवं खिरकिया में एफ एस टी पी का निर्माण किया गया है, जिसकी 10 से 15 कि.मी. की परिधि में आने वाले ग्रामों को जोड़ा जाकर उक्त ग्रामों में उत्पन्न होने वाले मल-कीचड़ का प्रबंधन किया जायेगा, इस हेतु नगरीय निकायों में पंजीकृत ऑपरेटरो तथा वाहनों की पहचान कर सूची तैयार की जायेगी तथा उनके विवरण सनस्त ग्राम पंचायतों में डी-स्लजिंग हेतु निर्धारित दर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर ग्रामीणों को अवगत कराया जायेगा।

### राशि जमा न किए जाने पर होगी कुर्की, दल गठित किया

**हरदा।** तहसीलदार हरदा लवीना घाघरे ने बताया कि प्रदीप पिता संतोष अग्रवाल निवासी पुरानी मानपुरा हरदा द्वारा बकाया राशि 15.98 लाख की वसूली जमा न किये जाने के फलस्वरूप उनकी स्थावर सम्पत्ति को कुर्क किया जाएगा। इसके लिए राजस्व विभाग का दल गठित किया गया है। उन्होने बताया कि प्रदीप अग्रवाल के नाम ग्राम बैरागढ़ में कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसकी कुर्की की जाना है। इसके लिये राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का गठित किया गया है, जिसमें राजस्व निरीक्षक आनन्द तिवारी व संतोष पाराशर, हल्का पटवारी जितेन्द्र ओनकर व उदयसिंह उइके, जमादार मुकेश यादव व बैरागढ़ ग्राम के कोटवार को शामिल किया गया है।

# 'कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराएं अधूरे आंगनबाड़ी भवन पूर्ण कराएं'

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने इस दौरान आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देश दिये कि अधूरे भवनों को शीघ्रता से पूर्ण कराएं। उन्होने खिरकिया विकासखण्ड में अप्रारम्भ 5 आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण शुरू न होने पर नाराजगी प्रगट की और वहां के पंचायत सचिवों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ को दिये।

कलेक्टरने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के छूट गये सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलायें। बैठक में उन्होने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार प्रदाय की स्थिति की जानकारी भी जिला कार्यक्रम अधिकारी से ली। कलेक्टर सिंह ने आंगनवाड़ी केन्द्र की दीवार पर पोषण आहार का मीनू व वितरण का समय अंकित करायें तथा पंचायत सचिव व रोजगार सहायक का मोबाइल फोन नम्बर पंचायत भवन की दीवार पर अंकित करायें। उन्होने महिला बाल विकास विभाग की सभी परियोजना अधिकारियों से कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन में कोई भी समस्या आने पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को अवगत करायें ताकि समस्या का निराकरण किया जा सके।



## सैकड़ों की संख्या में नेपानगर पहुंचे आदिवासियों से की चर्चा

# आर्य बोले- मैं भी अतिक्रमण के पक्ष में नहीं हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

सरकार ने जो देना था वह दे चुके। जंगल को बचाना मेरा ही काम नहीं है यह सब जनता का काम है। मैं भी अतिक्रमण के पक्ष में नहीं हूं। हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि हर व्यक्ति को मां के नाम एक पेड़ का प्लांटेशन करना है। जो लोग यहां आए हैं हम तो यह कहेंगे कि हमें जंगल बचाना है। पर्यावरण बचाना है। यह हमारा मुख्य लक्ष्य है।

यह बात राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग के अध्यक्ष व कैबिनेट दर्जा प्राप्त अंतरसिंह आर्य ने नेपानगर में कही। वह यहां आदिवासी समाजजन से खुली चर्चा करने आए थे। इस दौरान जंगल बचाओ समिति की ओर से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे करीब 25 गांवों के




ग्रामीणों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि क्षेत्र से अतिक्रमणकारियों को खदेड़ा जाए। हम प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन करते हैं। ज्ञापन में कहा गया कि बाहरी जिले से आए अतिकमणकारियों यहां आकर अपने आधार कार्ड अपडेट कराए जाते हैं। मूल निवासी बताकर वनाधिकार पट्टे के लिए आवेदन करते हैं। दावा फार्म भरने के बाद वनों में कटाई करते हैं। अभी शांति बनी हुई। हम चाहते हैं जो पात्र नहीं हैं उन्हें बाहर करें। हम प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन करते हैं। इसी के जवाब में आयोग अध्यक्ष ने कहा कि मैं भी अतिक्रमण का समर्थन के पक्ष में नहीं हूं। आयोग अध्यक्ष ने नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर आदिवासी समाजजन से खुली चर्चा की। इस दौरान नेपानगर, नावरा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाजजन यहां पहुंचे थे।

### आदिवासी के साथ घटना पर तुरंत एक्शन लेता है आयोग

नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित समारोह में अंतरसिंह आर्य का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा आदिवासी के साथ कोई घटना होने पर आयोग तुरंत संज्ञान लेता है। अगर पेपर में भी खबर आती है तो हम नोटिस जारी कर देते हैं। उन्होंने आदिवासी समाजजन से कहा -एक एक पौधा अपने आंगन में लगाएं। जो जंगल कट गया है उसे बचाने का संकल्प लें ताकि जब वह बड़े हों तो आनंदित वातावरण बने। खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर में जो समस्या हो तो दिल्ली आएं। हम अधिकार दिलाने का काम करेंगे। अपने बच्चों को पढ़ाओ, लिखाओ।

# 19 को मयूर विहार से निकलेगा दादाजी महाराज का निशान



**खंडवा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दादाजी धाम पर निशान चढ़ाने विशाल नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी, राजेंद्र नगर, मयूर विहार, अनमोल बिहार, रामनगर के भक्त दादाजी धाम पर 19 जुलाई को श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ महापर्व के बैनर तले निशान अर्पित करेंगे। महाकाल सेवा समिति के मुख्य यजमान सतनाम सिंह होरा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दादाजी महाराज को पांच निशान अर्पित किए जाएंगे। सर्वप्रथम बाबा महाकाल के दरबार में निशान चढ़ाया जाएगा, उसके बाद बड़े दादाजी, छोटे दादाजी, नर्मदा मैया, कोठार गृह एवं गौरीशंकर जी महाराज को निशान अर्पित कर खंडवा जिले की सुख समृद्धि हेतु कामना की जाएगी।

मयूर विहार से सुबह 9 बजे निशान यात्रा निकलेगी। रेलवे ओवरब्रिज पर विशेष रूप से सभी भक्त कतारबद्ध होकर निकलेंगे, जिससे आवागमन की व्यवस्था अवरुद्ध न हो। निशान की इस बैठक में भागवत महापर्व के महासचिव रमाकांत पाराशर, चंद्रहास सोनी, कोषाध्यक्ष सी एम गंगराड़े, महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष विक्रम यादव, सचिव सुखदेव पटेल, कोषाध्यक्ष ,जी सी सेन, मुख्य संरक्षक दीपक श्रीमाली सहित वरिष्ठ कीर्ति नीलकंठ, बसंत शर्मा, गोविंद गोस्वामी, राजेंद्र पाल, संतोष महाजन, महेंद्र मंडलोई और अनोखी लाल बागे सभी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए दादाजी के निशान को पूर्ण मर्यादा के साथ ले जाने का संकल्प भी लिया।